RTA/07-23/2023

1/87440/2023

# कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।

(Email id- rtamuztirhut.bih@bihar.gov.in)

पत्रांकः— 1415 /परि0 मुजफ्फरपुर, दिनांकः— 06-11-2023

प्रेषक,

संयुक्त आयुक्त—सह—सचिव,
क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार,
मुजफ्फरपुर।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
सभी आरक्षी अधीक्षक,
सभी जिला परिवहन पदाधिकारी,
तिरहुत प्रमण्डलान्तर्गत।

**विषयः— बिना वैध परमिट वाले बसों की जाँच कर नियमानुसार कार्रवाई/जुर्माना करने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर द्वारा कतिपय बसों का परमिट निलंबित/रद्द कर दिया गया है। साथ ही जुर्माना लंबित रहने के कारण दिनांक 31.10.2023 को प्राधिकार की बैठक में कुछ बसों ( यथा—BR06PC-6218, BR30P-9541, BR30P-9768, BR30P-9621) का परमिट नवीकरण का आवेदन भी अस्वीकृत कर दिया गया है। परंतु प्राप्त शिकायत के अनुसार बिना परमिट वाले बसों का परिचालन किया जा रहा है, जो अनुचित एवं अवैध है।

अतः अनुरोध है कि बिना वैध परमिट वाले सभी बसों की जाँच कर उनके परिचालन पर तत्काल रोक लगायी जाए। साथ ही वैसे सभी बसों के परिचालन होने के संबंध में वी0एल0टी0डी0/टॉल प्लाजा रिपोर्ट प्राप्त कर नियमानुसार जुर्माना/कार्रवाई करने हेतु अपने अधीनस्थों (यथा—सभी थानाध्यक्ष, सभी मोटरयान निरीक्षक, सभी प्रवर्तन अवर निरीक्षक) को भी निदेश देने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन,

Barun Kumar Mishra
Digitally signed by Barun Kumar Mishra
Date: 2023.11.06 17:57:51 +05'30'

**संयुक्त आयुक्त—सह—सचिव,**
**क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।**

**ज्ञापांकः—** 1415 /परि0 मुजफ्फरपुर, दिनांकः— 06-11-2023

प्रतिलिपि :— उप सचिव, परिवहन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

Barun Kumar Mishra
Digitally signed by Barun Kumar Mishra
Date: 2023.11.06 17:58:11 +05'30'

**संयुक्त आयुक्त—सह—सचिव,**
**क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, मुजफ्फरपुर।**